# चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार, साढ़े सात लाख का मशरूका बरामद

नवभारत न्यूज

**बैतूल/सारणी, 10 फरवरी. सूने आवास मे चोरी करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।**

टीआई जयपाल इवनाती ने कहा कि एसपी वे जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी सारणी सुश्री प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में थाना सारणी पुलिस द्वारा क्षेत्र मे हुई चोरी कि घटना में संलिप्त 05 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। टीआई श्री इवनाती ने बताया कि 2 फरवरी को फरियादी सतीश पिता दयाराम धुर्वे उम्र 38 साल निवासी सतपुड़ा आईटीआई के पास थाना सारणी ने रिपोर्ट किया कि एक फरवरी 26 की रात करीब 1.00 बजे उसने अपने सूने घर क सीसीटीवी कैमरे चेक किया, जिसमें दो चोर उसके घर के अंदर घुसकर चोरी करते दिखे। फरियादी सारणी अपने घर आया तब तक अज्ञात चोर उसके घर में रखा एक सोने का गले का हार, एक जोड़ी सोने के कंगन, एक जोड़ी सोने के कान के झुमके, एक चांदी का कमरबंद, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी की बिछिया, चांदी के सिक्के, 05 हाथ घड़ी और नगदी 01 लाख 05 हजार रुपए नही मिले जिन्हें कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जिस पर थाना सारणी मे फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र 31/26 धारा 305(ए),331(4) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामले की मे विवेचना आरोपी अनुराग पिता कुंजीलाल पस्तारिया उम्र 53 साल निवासी ग्राम भारकच्छ थाना बरेली जिला रायसेन हाल पता हाउसिंग बोर्ड



कॉलोनी नर्मदापुरम से पूछताछ करने पर बताया कि उसके साथ उसके साथ प्रवीण लांजीवार और कासिफ खान ने मिलकर फरियादी से घर से जेवरात चोरी करके अपने साथ ले गए थे, बाद मुख्य आरोपी कासिफ उर्फ सोहेल खान और प्रवीण लांजीवार को मंडीदीप रायसेन से गिरफ्तार किया, एवं जप्तशुदा सोने के गहने प्रवीण की मां चंद्रकला लांजीवार से एवं चांदी के जेवर यूसुफ उर्फ बिट्टू खान से जप्त कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपियों को दिनांक 09.02.2026 को गिरफ्तार किया एवं जिन्हें दिनांक 10.02.26 को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. जाएगा । पकडे गये आरोपी प्रवीण उर्फ अन्ना पिता भैयालाल लांजीवार उम्र 27 साल निवासी बगीचा कॉलोनी वार्ड क्र. 01 मंडीदीप जिला रायसेन,कासिफ उर्फ सोहेल पिता असलम खान उम्र 30 साल निवासी आयशर कंपनी के सामने थाना सतलापुर, मंडीदीप जिला रायसेन,अनुराग पिता कुंजीलाल पस्तारिया उम्र 53 साल निवासी ग्राम भारकच्छ थाना बरेली जिला रायसेन हाल पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जिला नर्मदापुरम,यूसुफ उर्फ बिट्टू पिता नईम बेग उम्र 39 साल निवासी बंगाली कॉलोनी आदमगढ़ थाना कोतवाली जिला नर्मदापुरम,चंद्रकला पति भैयालाल लांजीवार उम्र 50 साल निवासी बगीचा कॉलोनी वार्ड क्र.01 मंडीदीप जिला रायसेन शामिल है.आरोपिया चंद्रकला से एक सोने का गले का हार, एक जोड़ी सोने के कंगाल, एक जोड़ी सोने के कान के झुमके, अनुराग से एक चांदी का कमरबंद, तीन जोड़ी चांदी की बिछिया, एक जोड़ी चांदी के कड़े, चांदी का सिक्का, और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटर साइकिल और यूसुफ उर्फ बिट्टू से एक चांदी का कमरबंद, एक जोड़ी चांदी की मोटी पायल, एक जोड़ी चांदी की पायल, और कासिफ उर्फ सोहेल की यामाहा एफजेड मोटर साइकिल,04 मोबाइल फोन और 2 हाथ घड़ी बरामद किया है.मामले का खुलासा करने मे थाना प्रभारी जयपाल इवनाती,निरीक्षक आबिद अंसारी अंगुल चिन्ह विशेषज्ञ,उपनिरीक्षक मनोज उईके चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा, उनि नितिन उईके,प्रधान आरक्षक श्रीराम उईके आरक्षक सुभाष मंडलोई, राकेश करपे, मोहित भाटी, रवि मोहन दरसिमा, दीपेंद्र और बलराम शामिल है।

### सूने आवास में चोरी करने वाली 3 महिला आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। कोतवाली पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाली 3 महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी का माल बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी कर आरोपियों को जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 3 नवंबर 2025 को फरियादी भवानी प्रसाद पिता स्व. गंगाप्रसाद मालवीय, (67) निवासी वार्ड नंबर 10 कृष्णपुरा टिकारी, बैतूल ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके सूने मकान से अज्ञात चोरों द्वारा मकान का ताला तोड़कर पुराने इस्तेमाली सोने-चांदी के जेवरात, चांदी के सिक्के, सोने की चेन, मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, मोती, चांदी की पायल, करधन, 43 इंच एलजी कंपनी का टीवी एवं अन्य गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान चोरी गए माल की लगातार तलाश-पतासाजी करते हुए ओझाढाना गंज बैतूल क्षेत्र की संदिग्ध महिलाओं को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह कबाड़ बिनते समय टिकारी क्षेत्र में एक मकान पर कई दिनों से ताला लगा देख, 31 अक्टूबर की रात्रि में फरियादी के मकान का ताला तोड़कर चोरी की गई। पुलिस ने आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी कर आरोपियों को जिला जेल भेजा गया। पुलिस ने आरोपी ग्रेशी उर्फ निशा से एलजी कंपनी की एलईडी टीवी, पीतल की परात, घघरी, कुकर, पीतल की कढ़ाही, चांदी के 05 सिक्के, सोने जैसी धातु का पेंडल, झालर वाली चांदी की पायल की जोड़ी, आरोपी संजना उर्फ नागिन से ङ्क तांबे का लोटा, पीतल की परात, सोने की अंगूठी, सोने जैसे 06 मोती, चांदी का करधन, चांदी के 04 सिक्के और आरोपी सुनिता उर्फ टकली से मिक्सी, जर्मन की कड़ाही, सोने की अंगूठी, चांदी के 04 सिक्के बरामद किये।

## एक नजर में

### रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 13 फरवरी को

**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला 13 फरवरी को प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीसरदार विष्णु सिंह उईके शासकीय महाविद्यालय सारणी में आयोजित होगा। रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए जिला रोजगार अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई बैतूल को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### उपेंद्र संयोजक एवं निलेश सहसंयोजक मनोनीत

**मुलताई।** भाजपा जिला संगठन द्वारा आजीवन सदस्यता निधि अभियान के तहत नगर मंडल मुलताई में संयोजक एवं सहसंयोजक मनोनीत किए है। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार द्वारा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू की सहमति से आजीवन सदस्यता निधि अभियान के तहत नगर मंडल मुलताई में उपेंद्र पाठक संयोजक एवं निलेश चावरिया सहसंयोजक मनोनीत किया है। जिन्हे संयोजक एवं सहसंयोजक को दायित्व सौपते हुए अपेक्षा की गई दोनों निष्ठावान कार्यकर्ताओं के समर्पण से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। नगर मंडल मुलताई में संगठन विस्तार के साथ जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। उपेंद्र पाठक को संयोजक एवं निलेश चावरिया को सहसंयोजक मनोनीत किए जाने पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित ईष्ट-मित्रों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

### शिव मंदिर में 19 फरवरी को होगा रुद्राभिषेक

**बैतूल।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम आखतवाड़ा में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर खेड़ी से उत्तर दिशा में लगभग एक किलोमीटर दूर आखतवाड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 19 फरवरी को प्रात: 9 बजे से रुद्राभिषेक किया जाएगा।

## छोटा महादेव में व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर-एसपी ने दिए निर्देश

**बैतूल।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बैतूल जिले के रानीपुर स्थित प्राचीन छोटा महादेव मंदिर में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने मंगलवार को मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मेले के पहुंच मार्गों का अवलोकन करते हुए कुछ स्थानों पर झाड़ियों की छंटाई कराने तथा मार्गों की आवश्यक मरम्मत और समतलीकरण का



कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, जिससे वाहनों का आवागमन सुगम हो सके। उन्होंने निर्धारित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर सुव्यवस्थित पार्किंग प्रबंधन, संकेतक बोर्ड लगाने एवं यातायात व्यवस्था को नियंत्रित रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर-एसपी ने मंदिर परिसर पहुंचकर दर्शन व्यवस्था का अवलोकन किया और निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित मार्ग से ही आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। किसी भी अन्य स्थान से पहाड़ी पर चढ़ने से रोकने के लिए आवश्यक बेरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड एवं सूचना डिस्प्ले लगाए जाएं। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल एवं होमगार्ड की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि मेला क्षेत्र में चिकित्सा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। दुकानों एवं ठेलों को मुख्य मार्ग से पर्याप्त दूरी पर लगवाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री अनिल गर्ग जी भी उपस्थित रहे, उन्होंने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती प्रीति पटेल, जिला खनिज अधिकारी मनीष पालीवाल, थाना प्रभारी श्रीमती बबीता धुर्वे, रक्षित निरीक्षक पुलिस गजेंद्र केन, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आमला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने विजेंद्र भावसार

**आमला।** कांग्रेस संगठन को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए आमला ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी विजेंद्र भावसार को सौंपी गई है। आमला कांग्रेस के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी नवयुवक को संगठन की कमान दी गई है, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। बताया जाता है कि नवनियुक्त अध्यक्ष विजेंद्र भावसार, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे के करीबी माने जाने वाले मनोज मालवे और उनके खेमे से जुड़े हुए हैं। विजेंद्र भावसार पूर्व में एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष रह



चुके हैं और सेवा दल में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इसी कारण युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है।पेशे से व्यापारी होने के चलते विजेंद्र भावसार का वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से भी अच्छा सामंजस्य है, जिससे संगठन को एकजुट कर कांग्रेस को मजबूती देने की उम्मीद जताई जा रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आने वाले समय में विरोध प्रदर्शन और आंदोलनों की रणनीति को ध्यान में रखते हुए ही यह नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर उन्हें बधाई देने वालों में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष,मनोज देशमुख, पूर्व अध्यक्ष मनोज मालवे, नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे, प्रदीप कोकाटे, जितेंद्र शर्मा, वीरेंद्र बर्थे,विजय पारदी, रविकांत उघड़े, अंकित सूर्यवंशी,मनीष नागले सहित अनेक कांग्रेसजन व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिवम सेवा समिति का 17वां महाभंडारा 14 फरवरी से

**बैतूल।** शिवम सेवा समिति द्वारा लगातार सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी कमानी गेट, कोठी बाजार में 17वें महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह महाभंडारा 14 फरवरी को प्रात: 11.30 बजे से प्रारंभ होकर 16 फरवरी की रात्रि तक निरंतर चलेगा। जहां तीन दिनों तक हजारों श्रद्धालुओं के लिए उत्तम भोजन व्यवस्था की जाएगी। शिवम सेवा समिति के राकेश शर्मा रक्कू ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य भोपाल एवं पचमढ़ी महादेव दर्शन के लिए जाने और लौटने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना है। इन श्रद्धालुओं में जिले भर के किसान भाई, माताएं, बहनें और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहते हैं। उनके लिए आने-जाने के दौरान सुस्वादु और व्यवस्थित भोजन की व्यवस्था इस महाभंडारे के माध्यम से की जाती है, ताकि वे श्रद्धा और सुविधा के साथ अपनी यात्रा पूर्ण कर सकें। राकेश शर्मा ने बताया कि इस महाभंडारे के साथ मानव सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए रक्तदान भी किया जाएगा। उन्होंने बैतूल नगरवासियों से अपील की है कि जो भी व्यक्ति इस पुनीत कार्य में सहभागी बनकर रक्तदान करना चाहता हो, वह उनके मोबाइल पर संपर्क कर सकता है।

## एफआईआर वापस लेने कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**आमला। आमला ग्राम तीरमहू एवं लादी सड़क की समस्या को लेकर हुए चक्का जाम आंदोलन के दौरान ग्रामीणों पर दर्ज एफआईआर को वापस लेने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस सेवा दल आमला द्वारा कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।**

इस दौरान जनपद चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन एवं विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लगभग आधा सैकड़ा कांग्रेसियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्राम लादी सड़क तथा तीरमहू क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर ग्रामीण



शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे, बावजूद इसके उन पर एफआईआर दर्ज कर दी गई, जो अन्यायपूर्ण है। ज्ञापन में मांग की गई कि आंदोलन में शामिल ग्रामीणों पर दर्ज सभी एफआईआर तत्काल प्रभाव से वापस ली जाएं तथा ग्राम लादी सड़क और तीरमहू से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। ब्लॉक कांग्रेस सेवा दल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मांगें पूरी नहीं की गईं तो संगठन द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## ट्रांसफार्मर में रिटर्न करंट आने से लाइन मैन झुलसा

**सारनी।** नगर के सेंट्रल बैंक के पास जियो के ट्रांसफार्मर में करंट आने से लाइनमेन बुरी तरह झूलस गया है। गंभीर रूप से घायल होने पर एमपीईबी हॉस्पिटल में प्राथमिक इलाज के बाद बैतूल रेफर किया है। मंगलवार को दोपहर 12 बजे के आसपास सेंट्रल बैंक के पास जियो कंपनी के ट्रांसफार्मर में मीटर लगाते समय अचानक रिटर्न करंट आने की वजह से बुरी तरह झूलस गया है। मौके पर काम करने वाले कर्मियों ने तत्काल एमपीईबी हॉस्पिटल मे प्राथमिक उपचार के बाद बैतूल भेजा गया है। बताया जाता है कि विद्युत कंपनी मे ठेके पर काम करने वाले शिवकुमार जियो कंपनी के ट्रांसफार्मर के पास स्मार्ट मीटर लगाते समय रिटर्न करंट आने कि वजह से पीठ एवं पैर बुरी तरह जल गया है। बताया जाता है जियो के ट्रांसफार्मर पर मीटर लगाने से पहले लाइन बंद कर दी थी। इसके बावजूद भी रिटर्न सप्लाई आने से लाइन मेन जल गया है। घटना की जानकारी मिलते ही ठेकेदार प्रदीप कुमार हॉस्पिटल पहुंच कर गंभीर रूप से घायल लाइन मेन से मुलाकात कर इलाज के लिए बैतूल लेकर गए है।

## कॉलेज की छात्र इकाई का सात दिवसीय शिविर

**बैतूल। जेएच स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र इकाई द्वारा ग्राम सिमोरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत विविध रचनात्मक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।**

दिनभर चले कार्यक्रमों में योग, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल जागरूकता और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों और स्वयंसेवकों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा गया। प्रात:कालीन सत्र में आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका कल्पना



शाह ने स्वयंसेवकों को योग, प्राणायाम तथा सकारात्मक जीवन-दृष्टि पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही मन को संयमित और व्यक्तित्व को संतुलित बनाने का प्रभावी उपाय है। सत्र में स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संजय निकुंज शासकीय नर्सरी से आए नागेंद्र शरणकर ने शिविर को 51 लक्ष्मी तरु के पौधे प्रदान किए। स्वयंसेवकों ने इन पौधों को ग्राम सिमोरी के विभिन्न स्थानों पर रोपित किया।

## शाहपुर विकासखंड में 12वीं बोर्ड परीक्षा की शांतिपूर्ण शुरुआत

**भौंरा। माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट (12वीं) मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 की शुरुआत मंगलवार 10 फरवरी को शाहपुर विकासखंड में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में हुई।**

पहले दिन परीक्षा सभी केंद्रों पर समय पर शुरू हुई और बिना किसी बाधा के संपन्न कराई गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शाहपुर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष विकासखंड में कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 739 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 731 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर परीक्षार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। केंद्र-वार स्थिति पर नजर डालें तो शासकीय संदीपनी विद्यालय, शाहपुर में सभी 171 पंजीकृत परीक्षार्थी उपस्थित रहे और यहां अनुपस्थिति शून्य रही। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शाहपुर में 181 में से 179 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2 अनुपस्थित रहे। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भौंरा में 174 में से 173 परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए और 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धपाड़ा में 82 में से 80 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 2 अनुपस्थित रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बीजादेही में 50 में से 49 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 1 अनुपस्थित पाया गया। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केसिया में 81 में से 79 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष, कक्ष निरीक्षक और उड़नदस्ता दल मौजूद रहे। परीक्षा कक्षों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की जांच, उपस्थिति की पुष्टि और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं ठीक पाई गईं। शिक्षा विभाग के अनुसार किसी भी परीक्षा केंद्र से नकल, अनुचित साधनों के उपयोग या अव्यवस्था की कोई शिकायत सामने नहीं आई। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिससे परीक्षार्थियों को बिना किसी तनाव के परीक्षा देने का अवसर मिला। अधिकारियों ने बताया कि आने वाली परीक्षा तिथियों में भी इसी तरह सख्त निगरानी और पारदर्शी व्यवस्था रखी जाएगी, ताकि सभी परीक्षाएं निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न हो सकें।

जनसुनवाई | जिला पंचायत सीईओ ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से करें निराकरण : जिपं सीईओ

**बैतूल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं।**

**सहायता राशि प्रदान करने के लिए सौंपा आवेदन**

**जनसुनवाई में आये 136 आवेदन**

जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री



जैन ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में कुल 136 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अनुग्रह सहायता राशि दिलाए जाने की मांग :** जनसुनवाई में ग्राम मालीतिपटी निवासी दिनेश हनोते ने अनुग्रह सहायता राशि दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने श्रम अधिकारी को प्रकरण का तत्काल निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम बगवाड़ निवासी कमला उईके ने संबल कार्ड के तहत सहायता राशि प्रदान किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने श्रम अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभागाकें के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पीएम आवास की किस्त दिलाए जाने की मांग

जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम बरसाली निवासी किसन यादव ने बैतूल-आमला रोड के अधूरे निर्माण को पूर्ण किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ ने पीडब्ल्यूडी के ईई को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम कतिया कोयलारी निवासी राजेंद्र ने आवेदन के माध्यम से पीएम आवास योजना की किस्त नहीं मिलने की शिकायत की। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम खेड़ीसावलीगढ़ निवासी नीमा मांडवे ने रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## मंगल भवन में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**पाथाखेड़ा। सारनी विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन मध्यप्रदेश द्वारा स्थानीय मंगल भवन सभागार में सम्मान समारोह आयोजित कर तकनीकी कर्मचारियों के लिए प्रारंभ किए गए वर्किंग प्रोफेशनल कोर्स की ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्सव मनाया गया।**

लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को सेवा के साथ उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यूनियन के क्षेत्रीय महामंत्री अंबादास सूने ने बताया कि दिसंबर 2016 से सतत प्रयास, पत्राचार और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बैतूल के माध्यम से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की स्वीकृति प्राप्त कर कोर्स प्रारंभ कराया गया। इस कार्य में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, सांसद दुर्गादास उइके, आमला-सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे तथा प्राचार्य डॉ. अरुण भदौरिया का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ तथा अतिथियों का शाल, श्रीफल और स्मृति-चिन्ह देकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि एस.के. लिल्होरे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता एवं एस.एन. सिंह सहित उपस्थित अधिकारियों ने यूनियन के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे कर्मचारियों के कैरियर उन्नयन की दिशा में मील का पत्थर बताया। समारोह में बताया गया कि इस कोर्स का लाभ विद्युत विभाग के साथ रेलवे, वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड और अन्य शासकीय विभागों के कर्मचारी भी उठा सकेंगे। संचालन पुनीत भारती ने किया तथा आभार प्रदर्शन अंबादास सूने ने व्यक्त किया। कर्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारीगण भी मौजूद थे।


**CHANGE OF NAME**

I, VANSHIKA daughter of No. 15145119X Rank EX HAV Name - KISNA GAWANDE residing at Vill - CHAINPUR, PO - PARADSINGA, THE- MULTAI, Distt- BETUL, State- M.P. Pin - 460661 have changed my name from VANSHIKA TO VANSHIKA GAWANDE vide affidavit dated 10/02/2026 before Notary Amla Distt- Betul (MP)